o/c

**S-III/3/2207/21**

**षष्ठ सत्रार्द्ध**

**तृतीय पत्र**

**हिन्दी**

**समयः तीन घण्टे** **पूर्णाङ्क 80**

**अ. निम्नलिखित अतिलघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(15×2=30)**

1. "प्रेसीज" के लिए हिन्दी में किस शब्द का प्रयोग होता है?
2. संक्षेपण के बाधक तत्त्व कौन से हैं?

**अथवा**

"अर्द्धमात्रालाघवेन पुत्रोत्सवं मन्यन्ते वैयाकरणाः" का अभिप्राय बताइए।

3. पल्लवन में किस शैली का प्रयोग किया जाता है?

**अथवा**

जब किसी शब्द के अर्थ को बाँध दिया जाता है तब उसे क्या कहते हैं?

4. "बंभी" किस लिपि का प्राचीन नाम है?

**अथवा**

"हाथी" और "दीवार" का तत्सम रूप लिखिए।

5. "दलबन्दी" शब्द में किन भाषाओं के शब्द हैं? अलग करके बताएँ।
6. बौद्ध ग्रन्थ त्रिपिटक सर्वप्रथम किस पर लिखा गया?

**अथवा**

कौन सी भाषाएँ देवनागरी लिपि में लिखी जाती हैं?

7. प्राचीन नागरी को दक्षिण में क्या कहा गया?
8. "परा" उपसर्ग का प्रयोग करते हुए दो शब्द लिखिए।

9. टिप्पण के दो प्रकार बताइए।

**अथवा**

क्रिया में धातु रूप के बाद लगने वाले प्रत्यय क्या कहलाते हैं?

10. "खुशबू" शब्द में कौन सा उपसर्ग है?

11. शारदा लिपि से उत्पन्न दो लिपियों के नाम लिखिए।

12. गुप्तलिपि का नामकरण किस आधार पर हुआ?

13. लाघव चिह्न का प्रयोग कहाँ किया जाता है?

14. कोई दो पारिभाषिक शब्द अर्थ सहित लिखिए।

15. विशेषण से भाववाचक संज्ञा बनाइए –

(1) सज्जन (2) कड़वा

**ब. निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (5×6=30)

16. पल्लवन कीजिए: –

"मन के हारे हार है मन के जीते जीत"

**अथवा**

"परहित सरिस धर्म नहीं भाई"

17. संक्षेपण कीजिए –

"हमारे देश में विविधता में एकता लाने की चेष्टा चिरकाल से की गयी है और इस कार्य में हमारे साहित्यिकों ने विशेष योगदान दिया है। वैदिक साहित्य के द्वारा सारे देश में एक सी धार्मिक भावना, एक ही यज्ञ पद्धति और एक सा दार्शनिक आधार प्रतिष्ठित हुआ था। आज भी भारतीय गृहों में वैदिक संस्कार विधियाँ प्रचलित हैं।"

**अथवा**

"आत्मनिर्भरता ऐसा श्रेष्ठ गुण है कि जिसके न होने से पुरुष में पौरुष का अभाव कहना अनुचित नहीं मालूम होता। जिनको अपने भरोसे पर बल है, वे जहाँ होंगे जल में तुंबी के समान सबके ऊपर रहेंगे। ईश्वर भी सानुकूल और सहायक उन्हीं का होता है जो अपनी सहायता आप कर सकते हैं।

18. पारिभाषिक शब्दों के प्रमुख गुण लिखिए ?

**अथवा**

"कृत्" प्रत्यय पर उदाहरण सहित जानकारी दीजिए।

19. शिक्षक के पद हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

20. हिन्दी में आगत विदेशी शब्दों पर जानकारी दीजिए।

**स. दीर्घोत्तरीय प्रश्न का उत्तर दीजिए।** **(1×20=20)**

21. उपसर्ग पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए।

**अथवा**

हिन्दी के शब्द भण्डार पर लेख लिखिए।

**अथवा**

प्राचीन भारत में लेखन कला पर विचार कीजिए।